feet deep, why should we get labour from outside? The people who are there locally must be able to do such jobs. We should insist that the project work of such a kind must be done by the people in the locality. It should be very easy. In fact, it should be done very easily and the people will be convinced about that.

Now, one of the mistakes that the Planning Commission did was this. There was a delay in excavation of field bothies in Hirakud. All of a sudden, it was found that there was no utilisation of the project, and there was a stampede. You were forced to take hasty action. There was a stampede with the result that you want to finance the excavation of the field bothies at Hirakud. That was a blunder. It should not have been done like that. That was one of the biggest blunders. it should not have been done like that. That takes away the self-reliance of the people. Excavation for field bothies has been done for centuries by the people. But we have not done that.

I submit that if we act with a certain amount of daring spirit and with a certain sense of urgency, I am sure it will be possible for the Planning Commission, a very high and intelligent body like the Planning Commission, to take proper measures for utilising the vast reservoir of people for the Constructive work.

Mr. Speaker: The hon. Member should conclude now.

Dr. K. L. Rao: I am concluding. I am very thankful to you for giving me a little more time. I would say that the Planning Commission, if it devotes itself to the formulation and the co-ordination work, which is most important and essential, can be of inestimable value and serve as a ladder by which we can mount up to the dizzy heights of the glorious days that were once India's.

17·26 hrs.

CHANGE IN DATE OF SITTING

Mr. Speaker: I have to inform the House that Muharram will be observed as a closed holiday on Thursday, the 14th June, instead of Wednesday, the 13th June, 1962, the sitting of the House presently fixed for the 14th June has been cancelled and a sitting has been fixed in lieu thereof on the 13th June, 1962.

Notices of question tabled for the 14th June will be treated as having been given for the 13th June, 1962.

17·27 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS—contd.

Ministry of Finance—contd.

Mr. Speaker: Any hon. Member from the Opposition that has not been represented in this debate?

श्रीमती सहोदराबाई राय : अध्यक्ष महोदय, इस तीन महीने के सेशन में मुझे अभी तक बोलने का कोई मौका नहीं मिला है . . .

अध्यक्ष महोदय : आप ने लिख कर भेज दिया होता । इस तरह से खड़े होकर कहना कुछ ठीक नहीं जंचता है ।

श्री रामेश्वरानन्द : श्रीमान्, मैं बोलना चाहता हूं । मैं एक मिनट के लिये पीछे चला गया था ।

अध्यक्ष महोदय : आपके ग्रुप का एक आदमी बोल चुका है ।

श्री रामेश्वरानन्द : वह तो केवल ५, ७ मिनट ही बोले थे ।

अध्यक्ष महोदय : आप अभी तो बठ जायें ।

मैं अपोजीशन ग्रुप्स से इस वक्त दरख्वास्त कर रहा हूं कि वे इस समय बोलें

लेकिन आज सब ग्रुप खामोश हैं और कल सब बोलना चाहेंगे । श्रीमती सहोदराबाई राय अब बोल लें ।

श्रीमती सहोदराबाई राय : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं जो आपने मुझे बोलने का मौका दिया । वित्त मंत्रालय ने जो बजट पेश किया है उसका मैं समर्थन करती हूं । इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहती हूं कि पिछले १४ वर्षों में हमारे वित्त मंत्रालय ने जो कार्य किया है वह सराहनीय है और बड़े अच्छे तरीके से अपनी जिम्मेदारी निबाही है । मैं समझती हूं कि कुछ भाइयों ने जो कांग्रेस शासन के खिलाफ कहा है तो ऐसा उन्होंने इस लिये कहा है कि उनको पूरी जानकारी नहीं थी । मेरे एक पूर्व वक्ता ने गाजीपुर और बलिया आदि के बारे में बोलते हुए कहा कि वहां पर खेतिहर मजदूर को दो आने मजदूरी मिलती है । यह बात उनकी गलत है । हिन्दुस्तान के अन्दर कोई ऐसी जगह नहीं है जहां कि दो आने मजदूरी मिलती हो । मजदूरों की मजदूरी आदि के बारे में मुझे पूरी तरह मालूम है । मेरे घर में खुद खेती होती है और इस नाते मुझे पूरी जानकारी प्राप्त है । सवा रुपये औरत को खेत पर मजदूरी करने का मिलता है । मर्द को डेढ़ रूपये मजदूरी मिलती है । गेहूं की बोनी जब होती है तो दो रुपया मर्द को मिलता है और डेढ़ पया औरत को मिलता है । चैत में जब गेहूं कटता है तो एक आदमी को गेहूं की कटाई में दस सेर की पूर या पांच सेर की पूर मिलती है ।

आजकल हालत यह हो रही है कि खेत पर काम करने के लिये मजदूर मिलते ही नहीं हैं । काश्तकार हमारे रो रहे हैं और कह रहे हैं कि जब से यह स्वराज्य आया है तब से हमारी काश्तकारी खत्म हो गई है क्योंकि खेत पर काम कराने के लिये मजदूर हमको मिल नहीं पाते हैं । बजाय देहातों में काम करने के वह शहरों की तरफ भागते हैं । उन्हें काश्तकार की तकलीफ का कोई ख्याल नहीं है और खेत पर कोई मजदूर काम ही नहीं करना चाहता है। शहरों में जाकर कोई बीडी बनाता है कोई होटल खोलता है तो कोई रिक्शा चलाता है तो कोई पान वगैरह बेंचने का धंधा करता है । इस तरह से काश्तकारी का काम बिल्कुल ठप्प है । दूसरी तरफ यही मजदूर इस बात का प्रोपैगंडा करते हैं कि हमें मजदूरी कम मिलती है । इस लिये यह बात बिल्कुल गलत है कि उन्हें मजदूरी दो आने मिलती है । माननीय सदस्यों को इस तरह के सुझाव देने चाहिये जिस से न गवर्नमेंट की हानि हो और न ही मजदूर दल की हानि हो। लेकिन इस तरह की गलत बात कहना कि दो आने मजदूरी मिलती है उचित नहीं है । हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक कहीं भी कोई ऐसी जगह नहीं है जहां कि मजदूर को दो आने मजदूरी मिलती हो । कहीं ढाई सेर अनाज मिलता है है तो कहीं कहीं तीन तीन सेर तक अनाज मिलता है । कहीं कहीं एक रुपया मिलता है । मेरे कहने का मतलब यह है कि मजदूरों की हालत पहले के मुकाबिले इन चौदह वर्षों में बेहतर हुई है । उनकी आर्थिक अवस्था सुधरी है । आज वह दोनों वक्त रोटी खाते हैं, और कपड़ा पहनते हैं । उनके पास जमीन है, बैल है, खेत है और गाय है । अच्छा पयजामा, कमीज, धोती, और पतलून वे पहनते हैं । आज जीवन की सब आवश्यकतायें उनके पास मौजद हैं और गवर्नमेंट के ऊपर यह लांछन लगाना कि हमारे पास कुछ नहीं है बिल्कुल अनुचित और गलत है । आजकल बड़े आदमी और मजदूर का तबका खुशहाल हैं अलबत्ता बीच का आदमी अपेक्षाकृत कुछ दुखी है और सरकार को उसके कष्ट व दुःख को कम करने की ओर ध्यान देना चाहिये ।

आज देश की सबसे बड़ी जरूरत नैतिकता की है । हमारे समाज में भ्रष्टाचार

[श्रीमती सहोदराबाई राय]

का बोल बाला है । अब होता यह है कि लेबरर्स में कुछ लोग जो कि मेहनत करके दसवीं या ग्यारहवीं कक्षा पास कर लेते हैं और नौकरी पाने के इच्छुक रहते हैं उनसे वे अफसरान जो ऊंचे ओहदों पर रहते हैं कहते हैं कि १०० रुपया लेकर आओ तब तुम्हें नौकरी मिल जायेगी । अब मैं यह नहीं कह ी कि जितने भी ऊंचे पदों पर सरकारी अफसरान हैं सब के सब बेईमान हैं और रिश्वतखोर हैं लेकिन इस तरह के अफसरान हैं जरूर जो कि प्राइवेट में उनसे इस तरह की नाजायज मांग करते हैं । इस तरह की शिकायतें अक्सर हमारे पास आती हैं और हम उनको बारे में जिम्मेदार अधिकारियों को लिखते भी हैं लेकिन सबूत के अभाव में कुछ हो नहीं पाता है । अब मरता क्या न करता । नौकरी के लिये जैसे तैसे अफसर की मुट्ठी गरम कर देता है । इस तरह की बहुत सी त्रुटियां हैं । हमारे वित्त मंत्री महोदय को सी० आई० डी० भेज कर सका पता लगाना चाहिये और इसको बन्द करने के लिये सक्रिय कदम उठाना चाहिये ।

कुछ भाइयों ने यह कहा कि हमा यहां पुल नहीं हैं, पाठशालायें नहीं हैं और सड़कें वगैरह नहीं हैं लेकिन मैं चैलेंज के साथ इस बात को कहती हूं कि हर जगह दो, तीन गांव के बीच में एक पाठशाला अवश्य खुली हुई है । गांवों में मिडिल स्कूल, हाई स्कूल आदि खुले हुये हैं । ऐसी कोई जगह नहीं है जहां स्कूल न हों । अब इसको मास्टरनी या मास्टर क्या करें अगर बच्चे ही घरों में पढ़ने के लिये पाठशालाओं में न आयें ? जब गांवो में शिक्षक लोगों के घ ों पर बच्चों को स्कूल भेजने के लिये जाकर कहते हैं तो उनको कह दिया जाता है कि हमारा बच्चा खेती पर काम कर रहा है अथवा अन्य धं पर लगा हुआ है । वह बीड़ी बनाने का काम कर रहा है और वह स्कूल पढ़ने नहीं आ सकता है । अब आप ही बतलाइये कि वह बेचारे क्या करें जब बच्चों के मां बाप ही अपने लड़कों को स्कूल न भेजना चाहें तो क्या किया जाय? लेकिन जहां तक शिक्षा के प्रसार का सम्बन्ध है हमारे देश में शिक्षा का काफी चार हुआ है और पहले के मुकाबले बड़ी भा ी तादाद में लोग शिक्षित हुए हैं । हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में इतनी प्रगति हुई है कि हमारे लड़के और लड़कियां बी० ए०, एम० ए० पास कर के इंग्लैंड, जापान और अमरीका आदि से विशेष योग्यता की उपाधियां लेकर आती हैं और आज वे बड़े बड़े पदों पर आसीन हैं आज उनमें से कितने ही एम० एल० एज और एम० पीज बन रहे हैं कितने ही बड़े बड़े डाक्टर्स और बैरिस्टर्स बने हुए हैं । जो तरक्की हमारे देश ने पिछले १४ वर्षों में की है वह अभूतपूर्व है और स्वप्न में यह खयाल नहीं था कि हमारा देश तनी तरक्की करेगा ।

श्री सत्य भामा देवी (जहानाबाद) : बहुत से लोग बेरोजगार भी हैं ।

श्रीमती सहोदराबाई राय : अगर बहन जी ज्यादा बी० ए० पास हैं, तो वह बाद में अपनी राय दे सकती हैं ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों को चाहिये कि वह इधर ध्यान रखें ।

श्रीमती सहोदराबाई राय : अध्यक्ष महोदय, बहन जी बीच में न बोलें ।

अध्यक्ष महोदय : यह बात आप मुझ पर छोड़ दें ।

श्रीमती सहोदराबाई राय : बेरोजगार वे हैं जो शराब पीते हैं, दम लगाते हैं, गुण्डई करते हैं, लुच्चे हैं, जो काम नहीं करते हैं । अगर वे ग़रीब और बेरोजगार न हों, तो क्या हों? देश ने हर एक क्षेत्र में तरक्की की हैं । देश में सडकें, पुल, बिजली के कारखाने, हवाई जहाज, रेलें आदि बनाई जा रही हैं और हर जगह मजदूरों को मजदूरी मिल रही है । आज कोई खाली नहीं है । अगर हम घर में

पलंग पर पड़े रहें और शराब के घूंट पीते रहें, तो गवर्नमेंट क्या करेगी । यह तो हमारा कसूर है । हमने देश को आगे बढ़ाना है और इस के लिये मिल-जुल कर काम करना है ।

जब मैं १९५५ में गोआ गई थी तो वहां की औरतों ने मुझ से शिकायत की थी कि हम को आठ आने मजदूरी मिलती है । मैं ने उन को कहा, "बहन जी, जब गोआ आजाद होगा, तो गोआ की तरक्की होगी"। माननीय सदस्य, श्री नाथपाई बैठे हैं । उन को मालूम होगा कि अब वहां पर क्या मजदूरी मिलती है । रुपया तो जरूर मिलती होगी । नहीं मिलती ? *(Interruptions)*

हमारे भाई, चाहे वह कांग्रेसी हों, सोशलिस्ट हों या जन संघी हों, जो भी सुझाव देते हैं, वह गवर्मेंट के खिलाफ देते हैं । में कहना चाहती हूं कि हम सब को राष्ट्र का निर्माण करना है । इसलिये अपने देश को बदनाम करने की जरूरत नहीं है। जहां कमी हो, उस के बारे में हम वित्त मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करें कि इस प्रान्त में यह कमी है, इसलिये ऐसा कदम उठाये कि उस पूर्ति हो सके । मैं बारबार कहती हूं कि कई लोग ऐसा बोलते हैं, जिसका सिर न पैर । यहां पर सब को सोच-समझ कर बात कहनी चाहिये जनता ने माननीय सदस्यों को जिम्मेदारी से यहां भेजा है, इस देश का निर्माण करने के लिये भेजा है । इस लिये सरकार को सही सुझाव देने चाहिये और इस कार देश की हालत को सुधारने के लिये में सहायता देनी चाहिये ।

हम सब चाहते हैं कि हमारे गावों में अच्छी सड़कें बनें, हमारे यहां अच्छे अच्छे कारखाने खुलें, लेकिन पैसे का भी सवाल है । धीरे धीरे, शान्ति के साथ, सब काम होता जाता है । मैं वित्त मंत्री महोदय से यह प्रार्थना करती हूं कि अब वह शहरों के कार्यों को छोड़ दें और देहात की तरफ़ बढ़ें जहां अब भी बहुत कमियां हैं, जहां हमारे लोग तक्लीफ में हैं । उन को ऐसा कदम उठाना चाहिये कि उन कमियों की पूर्ति हो और लोगों को शान्ति मिले ।

अभी माननीय सदस्य ने कहा कि गाजीपुर और बलिया वगैरह में से कम्यूनिस्ट और सोशलिस्ट जीत कर आते हैं। यह जीतने का सवाल नहीं है । यह दो आने मिलने का सवाल भी नहीं है । यह ो सोशलिस्ट और कम्यूस्टि ग़लत प्रचार करते हैं कि मजदूरों को दो आने मिलते हैं । कहीं भी दो आने नहीं मिलते हैं । वे लोग ग़लत प्रचार कर के चुनाव में जीतने की कोशिश करते हैं । हम कांग्रेसी लोग शान्ति वाले हैं । हम सब सहते हैं और उचित जवाब भी देते हैं । अगर हम दो चार सीटें हार भी गए, तो कोई बात नहीं है । अगर आज हम हार गए, तो कल फिर जीत जायेंगे । हम हमेशा के लिये थोड़े ही हार गए ?

मैं आज तीन महीने में पहली बार बोली हूं । मैं दूसरी दफ़ा लोक सभा में चुन कर आई हूं । मैं अध्यक्ष महोदय से प्रार्थना करती हूं कि वह महिलाओं को पहले मौका दें, क्योंकि उन को गृहस्थी का हाल ज्यादा मालूम है । महिलाओं को मालूम है कि घरों में क्या क्या होता है । अगर हमारे घर मे झगड़ा हो जाये, तो दो दिन सम्भालना मुश्किल है । दश की राजनीति को सम्भालना मुश्किल है ।

वित्त मन्त्री महोदय से मैं कहना चाहती हूं कि इस देश में रिश्वतखोरी बढ़ रही है । वह रिश्वतखोरी का पता लगाने के लिए सी० आई० डी० से काम लें और उसको रोकने के लिये कड़ा कदम उठायें । आज रिश्वतखोरी के कारण देश मे त्राहि-त्राहि है । वित्त मन्त्री महोदय ऐसे कदम उठायें कि देश के लोगों को शान्ति मिले और हम सब देश को आगे ले चलें । आज हर जगह

[श्रीमती सहोदराबाई राय]

गलतियां होने लगी हैं। वह जरा अपने कर्मचारियों को भी समझायें कि वे सोच-समझ कर कदम उठायें और जनता के साथ अन्याय न करें।

अध्यक्ष महोदय, आप ने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिये मैं आप को धन्यवाद देती हूं।

श्री रामेश्वरानन्द : वेदाहमेतम् पुरुषम् महान्तम् आदित्य वर्णम् तमसः परस्तात्। तमेव विदित्वा अति मृत्युमेति नान्यः पंथा विद्यते अयनाय ।।

श्रीमान् अध्यक्ष महोदय,.....

Shri Shivaji Rao S. Deshmukh (Parbhani): Is it supposed to be in order, Sir?

Shri Nambiar (Tiruchirapalli): Is it in order to have prayers like this?

Shri Nath Pai: It is recitation of a sloka.

Mr. Speaker: If he believes in that and everytime he has to begin his speech he invokes the blessings, I should not have any objection.

Shri Hari Vishnu Kamath: It is allowed in the House.

श्री रामेश्वरानन्द : मैं आपका ध्यान योजनाओं की तरफ़ दिलाना चाहता हूं। जो काम योजनाबद्ध होते हैं, वे सभी सफल होते हैं। कदाचित् चोरी, जारी, व्यभिचार आदि काम भी योजनाबद्ध होने से सफल हो जाते हैं, परन्तु उनका परिणाम भयंकर निकलता है। इसलिये कोई काम सफल हो गया है योजनाबद्ध होने से, उससे यह न समझ लेना चाहिए कि हमारी योजना ठीक है।

आज देश की स्थिति विचित्र है। हमारी हजारों वर्गमील भूमि चीन से आक्रान्त है और पाकिस्तान सजग है। नेपाल के साथ भी हमारे सम्बन्ध बहुत अच्छे नहीं हैं। नागा पहाड़ियों में भी अभी विद्रोह आरम्भ है। देश के कोने कोने में पाकिस्तान आदि के गुप्तचर सजग हैं। इतने पर भी हमारे देश के शासक ऐसी योजनाओं में संलग्न हैं कि देश का क्या बनेगा, मैं नहीं समझता। इसलिये सरकार योजनायें बनाए, मगर वह निरपराध पशुओं को वध करने की योजना न बनाए, वह पक्षियों को वध करने की योजना न बनाए। जलचरों और स्थलचरों को भी जीने दिया जाये। यदि सरकार की भुजाओं में बल है, भगवान् ने उसको बुद्धि दी है, तो वह चीन से भारत-भूमि को रिक्त कराने की योजना बनाए, भारत-भूमि का स्वर्ग जो काश्मीर है, उसको पाकिस्तान से रिक्त कराने की योजना बनाए।

अध्यक्ष महोदय : मैं स्वामी जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि आज वित्त मन्त्रालय के अनुदान जेरे-बहस हैं। इसलिये वे ऐसी बातें कहें, जिनका जवाब मिनिस्टर साहब दे सकें। अगर वह इस तरह की आम बातें कहना चाहते हैं, तो मैं उनको फिनांस बिल पर बोलने का मौका दे दूंगा। जो कुछ वह कह रहे हैं, उनका जवाब वित्त मन्त्री कैसे देंगे ?

श्री रामेश्वरानन्द : मेरा अभिप्राय यह है कि सरकार योजनायें बनाए और उन पर व्यय करे, मगर उन के साथ ये योजनायें भी जोड़ दी जानी चाहियें। वित्त मन्त्रालय और सारा प्रशासन इस प्रकार की योजनायें बनाए, जिससे देश का भला हो सके। अभी हमारे देश में ग़रीबी कम नहीं है। पिछले चुनावों में जिन लोगों ने अपनी राय दी है, उन में से लगभग ७५ प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं। सरकार इस प्रकार की योजना बनाए कि देश में कोई अनपढ़ न रहे।

आज कहा जाता है कि इतने स्कूल और इतने कालेज खोले गए हैं। मैं मानता हूं कि खोले गए हैं, मगर उन की स्थिति क्या है ? मैं आप को पंजाब की स्थिति बताना चाहता हूं। मैं अभी पंजाब के मुख्य मन्त्री को शिकायत लिख कर देकर आया हूं। करनाल में लड़-

कियों के चौदह हाई स्कूलों में मुख्याध्यापिकाएं नहीं हैं, स्कूलों में शास्त्री नियुक्त नहीं हैं, स्कूलों में अध्यापकों की कमी है। इस सम्बन्ध में इतनी न्यूनताएं हैं कि उन को गिनाना एक प्रकार से कठिन हो जायगा। सरकार योजनाएं बनाए। लेकिन मैं चाहता हूं कि वह मनुष्य बनाने की योजना बनाए। सरकार कैसा मनुष्य बनाना चाहती है ? सड़कें ऐसी हों, नहरें ऐसी हों, यह कहना तो ठीक है। वे होनी चाहियें। ट्यूबवैल भी होने चाहियें। मगर ये सब किस के लिये ? मनुष्य के लिये। और वह मनुष्य कैसा हो, जिसके लिये सब कुछ किया जा रहा है ? आज मनुष्य बनाने की योजना किसी योजना में भी सम्मिलित नहीं है। हम कैसे मनुष्य चाहते हैं, इसका वर्णन किसी भी योजना में मिलेगा नहीं। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार सड़कें और नहरें बनाए। वह और भी योजनायें बनाए। मगर प्रश्न यह है कि क्या किसी भव्य भवन में गधे को रख देने से वह श्रीमान् जी बन जाता है—नहीं वह कोई बड़ा आदमी नहीं बन जाता है। मेरा देश जिसको आप स्वर्ग बनाना चाहते हैं, इस स्वर्ग में रहने वालों का निर्माण आप करें। स्वर्ग में रहने वालों के निर्माण की जो भी योजना आप बना सकते हैं, बनायें। पहले युगों में जो भी योजनायें बनती थीं, उन में सबसे पहली योजना मनुष्य बनाने की बनती थी। यदि वह मनुष्य बन जाएगा तो सब कुछ ठीक कर लेगा, ऐसा समझा जाता था। यदि मनुष्य आपने अच्छा नहीं बनाया तो आप कितनी भी योजनायें बनाते चले जायें, कितना भी परिश्रम आप करते चले जायें, वह सारी योजना और वह सारा परिश्रम व्यर्थ जाएगा। पहले युगों में दो विशेष योजनायें होती थीं। एक तो मनुष्य बनाने की होती थी और दूसरे मनुष्यों को भी चार विभागों में बांटा जाता था। ये चार विभाग थे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य इत्यादि। उन में कर्तव्यों का बटवारा कर दिया जाता था। ब्राह्मण का काम इतना ही होता था कि वह देखेगा कि कोई भी अनपढ़ नहीं रहेगा। लेकिन आज मेरे देश में अध्यापक हैं, स्कूल हैं किन्तु फिर भी अनपढ़ता देश के अन्दर व्याप्त है और पर्याप्त मात्रा में लोग अनपढ़ हैं। आज योजनाबद्ध काम नहीं होता है।

दो ही तरह से आप देश का शासन चला सकते हैं, शस्त्र के द्वारा और शास्त्र के द्वारा। जब शास्त्र को कोई नहीं मानता है, जब शिक्षा को कोई नहीं मानता है तो हाथ जोड़ कर आप उसको कभी मना नहीं सकते हैं। सृष्टि के सबसे पहले राजा मनु हुए हैं। मनु ने अनेक नीति की बातें कही हैं। लेकिन उन्होंने एक सबसे बड़ी नीति की बात कही कि जो शिक्षा से न माने, उसको कैसे समझायें। उन्होंने कहा है :—

दण्डः शासति प्रजा सर्वः दण्ड स्वभि रक्षति
दण्डे सुपते सुजागृति दण्डं धर्मम् विदुर बुधः

जो किसी से नहीं मानता है इस दुनिया में वह डण्डे से मानता है। सर्कस में आपने देखा है कि जब बकरे को संकेत होता है तो वह शेर के सामने चला जाता है और जब शेर को संकेत होता है तो वह बहुत बड़ा मुंह खोल देता है और बकरा उसके पास जाकर उसके मुख में अपना सिर रख देता है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि यह शेर क्या हाथ जोड़ने से उस बकरे को दांत नहीं लगने देता। नहीं, नहीं ऐसी बात नहीं है। शेर अहिंसक नहीं हो जाता है, महात्मा गांधी का शिष्य नहीं हो जाता है या उसने योग शास्त्र नहीं पढ़ लिया होता है। वह हण्टर के डर के कारण, विद्युत् के डंडे के डर के कारण उस बकरे के सिर को तो क्या, उसके सिर के बाल तक को दांत नहीं लगने देता। इसलिये दुनिया में जो.....

Shri Namblar: Sir, is all this connected with the Finance Ministry's Demands? From the Plan he has gone to circus.

अध्यक्ष महोदय : स्वामी जी, मैंने पहले ही आपको इसके बारे में बताया था :

श्री रामेश्वरानन्द : मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आपकी योजना संक्षिप्त नहीं है। यह बहुत विस्तृत है। आपको समझने का यत्न करना चाहिये। आप अगर समझ नहीं पा रहे हैं तो मेरा क्या अपराध है?

मे नेष: स्थानोरपराध: यदे नम् अन्धो न पश्यति

मैं योजना से बाहर की बात नहीं कह रहा हम जो यहां बैठे हैं, यह भी योजना है, जो बोल रहे हैं, यह भी योजनापूर्वक बोल रहे हैं, खाते पीते भी हम योजना-पूर्वक हैं, कपड़े भी योजना पूर्वक पहनते हैं। जो योजना शब्द है, यह बहुत विस्तृत है। हमारे जितने कार्य होते हैं, छोटे से छोटे कार्यों से लेकर बड़े से बड़े कार्यों तक वे सारे के सारे योजनाबद्ध रीति से होते हैं। मैंने शुरू में ही संकेत किया था कि डाकू लोग जो डाके मारते हैं, वे भी योजनाबद्ध होते हैं तभी वे अपने प्रयत्नों में सफल होते हैं। इसलिये योजना को आपको समझना चाहिये। दुनिया में जब किसी को आप किसी अन्य तरीके से नहीं मना सकते हैं तो डंडे से मना सकते हैं बालक जब आपका कहा नहीं मानता है तो उसके कोमल कपोलों पर दो परमिट काट जब दिये जाते हैं तो वह सीधा हो जाता है और स्कूल चला जाता है। पशु और पक्षी सब के सब इस डंडे के सहारे काम करते हैं। घोड़े में इतनी चाल कैसे आ जाती है, बैलों में इतनी चाल कैसे आ जाती है, ये सारे काम योजनाबद्ध होते हैं।

इसलिये मैं चाहता हूं कि आपकी योजना हो परन्तु योजना केवल नाचने की न हो, पशु पक्षियों के वद्ध की न हो, लड़के लड़कियों को उलटी बातें सिखाने की न हो। जो योजना आपने चला रखी है उसमें सबसे पहले मनुष्य बनाने की योजना होनी चाहिये। शिक्षा बहुत ही उत्तम उनको दी जानी चाहिये। मैं ऐसे क्षेत्र से आया हूं जो ६०-७० मील लम्बा है। वहां पर इसी वर्ष केवल एक हायर सेकेंडरी स्कूल खुला है। सारे क्षेत्र में यमुना के तट से लेकर एक ही स्कूल खुला है। इसलिये आप की योजना बहुत ही उत्तम होनी चाहिये। इन्ही योजनाओं के आधार पर ऋषियों ने जिस समय राजा अश्वपति से पूछा कि आपके राज्य का क्या हाल है, तब उन्होंने एक ही श्लोक में सब कुछ कह दिया कि मेरे सारे राज्य में कोई चोर नहीं है, कोई जार नहीं है, कोई मांसाहारी नहीं है, कोई शराबी नहीं है, कोई अनपढ़ नहीं है, कोई परस्त्रीगामी पुरुष नहीं है और कोई परपुरुषगामी स्त्री नहीं है। यह सब शिक्षा के आधार पर हुआ।

मैं यहां पर डंडे के बारे मे अधिक कहना नहीं चाहता हूं। लेकिन आज हो क्या रहा है। आज हमारे देश में योजनाओं के होते हुए भी, पुलिस के होते हुए भी, सेनाओं के होते हुए भी डाके आए वर्ष पहले से ज्यादा पड़ते हैं, आए वर्ष की अपेक्षा कत्ल अधिक होते हैं, व्यभिचार, अन्याय और अत्याचार ज्यादा होते हैं। इन सब बुराइयों में निरन्तर वृद्धि ही हो रही है।

मैं यह सब कुछ इसलिये नहीं कह रहा हूं कि मैं जनसंघ की टिकट पर चुन कर आया हूं। लेकिन आप पुरानी फाइलें उठा कर देख लें, पुलिस की फाइलें उठा कर देख लें, किसी भी विभाग की फाइलों को उठा कर देख लें, यह चीज आपको प्रत्यक्ष नजर आ जाएगी। झूठी प्रशंसा की जाए, यह हम से नहीं हो सकता है। ऐसा मैं करने के लिये तैयार नहीं हूं। व्यर्थ किसी की झूठी प्रशंसा नहीं की जानी चाहिये। मैं आपको एक प्राचीन बात बतलाना चाहता हूं। महाराजा युधिष्ठिर के राज्य में चीन का राजा भगदत्त ईरान का शल्य, अमरीका का ववरुवहन, यूरोप का विड़ालाक्ष, सभी बलि (कर) लेकर आये थे। आप महाभारत को उठा कर और उसको पढ़ कर देख लें। किस आधार पर वे आए थे। योजना के आधार पर व डण्डे के आधार पर आये थे। मेरा हृदय घबराता है यह कहते हुए कि दूसरे यह कहते हुये कि दूसरे देशों और देशांतरों के लोग हमारी योजना से सम्बद्ध हैं। अगर आज कहीं अवसर उपस्थित हो जाये युद्ध का तो मैं देखता हूं कि मेरे देश का सब

कुछ होते हुये भी, कौन हमारी सहायता करेगा, उस युद्धाग्नि में कौन पड़ोसी देश, कौन मित्र देश हमारा साथ देगा । इसको छिपाया जा नहीं सकता है और न ही छिपाया जाना चाहिये । मैं तो मानता हूं :—

पुरुषा वहवो राजन्
सततं प्रिय वादिनः
सत्य सेतु पथ्यसे श्रोता
वक्ता च दुर्लभः ।

बहुत व्यक्ति हैं जो सदा प्रिय बोलते हैं, खुशामद की बात करते हैं परन्तु सत्य भी हो और हितकर और लाभदायक भी हो, ऐसी बात कहने वाले बहुत थोड़े व्यक्ति हुआ करते हैं । मैं यह नहीं कहता कि हमने कोई उन्नति नहीं की । मैं मानता हूं कि हम ने कुछ सड़कें बनाई हैं, कुछ उन्नति की है, कुछ ट्यूबवैल बनायें हैं, नहरें बनाई हैं । लेकिन दुःख के साथ मुझे कहना पड़ता है कि मेरा देश जो एक समय सोने की चिड़िया हुआ करता था, आज विदेशों के ऋणों के नीचे दबा हुआ है । इस चीज को छिपाया नहीं जा सकता है । आप योजन बनायें लेकिन वैसी योजना नहीं जिससे भारत वैसा ही बन सके, जैसे वह पुराने जमाने में बना हुआ था, वैसा भारत वर्ष बन सके जैसा कि वह पुराने जमाने में संसार के सामने बना हुआ था । आज मेरे घर में कलह है, आज जमीदार और गैर-जमीदार, मालिक और मजदूर के बीच एक विवाद उठ खड़ा हुआ है, आज बैकवर्ड और गैर बैकवर्ड का विवाद उठा खड़ा हुआ है, आज कारखाने के मालिक और कारखाने में कान करने वाले मजदूर के बीच विवाद उठा खड़ा हुआ है । कुछ पार्टियां यत्न करती हैं, लोगों को भड़काने का । मगर क्या हम इस प्रकार की योजना बना सके हैं जिससे इनका विवाद शांत हो, जिससे देश एक हो सके, ब्राह्मण से लेकर हरिजन तक देश के सभी लोग मिल जुल कर काम कर सकें । ऐसा हम नहीं कर पाये हैं और मैं चाहता हूं कि इस लक्ष्य को सामने रख कर हम काम करें और इस भारतवर्ष को पुराना भारतवर्ष बनाने की कोशिश करें ।

Mr. Speaker: Hon. Members may now move their cut motions relating to the Demands under the Ministry of Finance subject to their being otherwise admissible.

Policy towards developmental programmes in the country

Shri Sivamurthi Swami: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (3).

Need to strengthen the financial autonomy of States

Shri M. K. Kumaran: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (57).

Need to change the budgetary system so as to make budget under standable to layman

Shri M. K. Kumaran: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (58).

Need to bring about stability in prices

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (59).

Failure to take measures against persons or companies violating foreign exchange regulations

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (60).

Need for introduction of cost accounting in the Public Sector Undertakings

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (61).

Failure to raise internal and external resources for the Plan

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (62).

Difficulties created consequent on the cut in the American aid

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (63).

Need to improve the working of the Reserve Bank of India

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (64).

Need to improve the working of the Agricultural Credit Department of the Reserve Bank of India

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (65).

Need to improve the working of the Refinance Corporation

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100. (66).

Need to improve the working of Industrial Finance Corporation

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (67).

Failure to check malpractices in the Banks

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (68).

Need to improve the working of the Rehabilitation Finance Corporation

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (69).

Need to improve the working of Income-Tax Department

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (70).

Need for reorganisation of tax collecting machinery

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (71).

Failure to collect arrears of taxes

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (72).

Need for launching prosecution against the tax defaulters

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (73).

Need to check tax evasion

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (75).

Failure to curb malpractices in the General Insurance Companies

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (76).

Need for nationalisation of General Insurance

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (77).

Failure to check the upward trend of prices of consumer goods

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (78).

Need for a rational policy for opening Branches of the Banks

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (79).

Need to check the smuggling of gold

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (80).

Need for abolition of Contractor Cashier system in Reserve Bank of India

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (90).

Need for restriction on bringing of foreign officers in Private Commercial Undertakings

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (91).

Need for change in advance policy of State Bank of India

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (92).

Failure to check smuggling of watches in India

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (93).

Failure to check tax evasion

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (94).

Need for centralised sales tax system all over the country

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (95).

Need for improvement of the service condition of field workers in L.I.C.

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (96).

Failure to implement the recommendation of the Joint Committee for field workers in L.I.C.

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (97).

Policy for the promotion of class II and class I officers of Income Tax Department

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (98).

Need for change in the loan policy of L.I.C.

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (99).

Need for stringent control over advance policy of Banks

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (100).

Need for opening more branches of Reserve Bank of India

Shri Prabhat Kar: I beg to move:

"That the Demand under the head Ministry of Finance be reduced by Rs. 100." (101).

Need to recognise the Civil Accounts Staff Association, Shillong, Assam

Shri Nambiar: I beg to move:

"That the Demand under the head Audit be reduced by Rs. 100." (81).

Relationship of staff with the Accountant General in Shillong

Shri Nambiar: I beg to move:

"That the Demand under the head Audit be reduced by Rs. 100." (102).

Fear of insecurity prevailing among the staff of the Accountant General's Office in Shillong

Shri Nambiar: I beg to move:

"That the Demand under the head Audit be reduced by Rs. 100." (103).

Review of the punishments imposed on the staff of the Accountant General's Office, Shillong during the last one year

Shri Nambiar: I beg to move:

"That the Demand under the head Audit be reduced by Rs. 100." (104).

Need to pay dearness allowance to pensioners getting below rupees 250 as pension

Shri Sivamurthi Swami: I beg to move:

"That the Demand under the head Pensions and Other Retirement Benefits be reduced by Rs. 100." (7).

Failure to plan balance development of different parts of the country

Shri M. K. Kumaran: I beg to move:

"That the Demand under the head Planning Commission be reduced to Re. 1." (82).

Failure to take into account the claims of Kerala in locating Public Sector enterprises

Shri M. K. Kumaran: I beg to move:

"That the Demand under the head Planning Commission be reduced to Re. 1." (83).

Need to provide money for developing Paradip as a major port during the Third Five Year Plan

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Planning Commission be reduced by Rs. 100." (84).

Need to take adequate measures to remove regional disparity

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Planning Commission be reduced by Rs. 100." (85).

Need for priority in the matter of industrial and agricultural development

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Planning Commission be reduced by Rs. 100." (86).

Demand of the States to revise plan allotment and for introduction of new schemes.

Shri Surendranath Dwivedy: I beg to move:

"That the Demand under the head Planning Commission be reduced by Rs. 100." (87).

Need to give Central assistance to the Kerala State for anti-sea-erosion work

Shri M. K. Kumaran: I beg to move:

"That the Demand under the head Grants-In-Aid to States be reduced by Rs. 100." (88).

Need to disburse grants with a view to minimise social and economic disparities in different States and regions

Shri M. K. Kumaran: I beg to move:

"That the Demand under the head Grants-In-Aid to States be reduced by Rs. 100." (89).

Need for adjustment of all loans and advances given to the State of Mysore in respect of Gold Mines, being nationalised

Shri Sivamurthi Swami: I beg to move:

"That the Demand under the head Loans and Advances by the Central Government be reduced by Rs. 100." (15).

Mr. Speaker: These Cut motions are now before the House.

श्री तुलसीदास जाधव: (नांदेड़) : अध्यक्ष महोदय, आज इस फाइनेन्स डिमान्ड पर बोलते हुये बड़ा सन्तोष होता है । अगर देश की आर्थिक उन्नति की दृष्टि से देखा जाय तो हम बहुत बड़ी तेजी से आगे बढ़े हैं । उत्पादन की दृष्टि से देखा जाय तो हमारे पास जो थर्ड फाइव इयर प्लान की बुक है उस के पेज ३५ पर जो आंकड़े दिये गय हैं उन से पता चलता है कि देश का उत्पादन इतनी तेजी से बढ़ा है और इतनी तेजी से उन्नति हुई है कि उस से अधिक नियोजन करने में इस देश के अन्दर जो शासन करने वाली पार्टी है उस के फाइनेन्स निमिस्टर यशस्वी हुये हैं । देश के अन्दर उत्पादन तो बढ़ना ही है लेकिन वह किस रीति से बढ़ना चाहिये जिस से कि देश की एकनामिक परिस्थिति की ऊंच नीच में समता आ जाये ? इसका एक ही उपाय है जिस को कहते हैं सोशलिस्टक पैटर्न आफ सोसायटी । इस के रास्ते पर और इस के ध्येय को ले कर हमें जाना है । सन् १९५६ का जो इंडस्ट्रियल रेजोल्यूशन है उस में यह बतलाया गया है कि इस देश में जो चीज लानी है उस को एक दम से लानाहै । आज कल जब हम दूसरे देशों के बारे में पढ़ते हैं तो पता चलता है कि ४५ साल होने के बाद भी रूस में पूर्णतया सोशलिज्म नहीं आ पाया है । वहां डिक्टेटरशिप आफ प्रोलेटेरिएट होते हुये भी जब मैंने १९५१ में रूस को देखा था तो ३५ वर्ष बाद भी वहां दरिद्रता नजर आती थी । जब मैंने देहातों में जा कर वहां के लोगों को देखा तो उन के अंगों पर फटे हुये कपड़े थे, उनकी बैलगाड़ीं टूटी फूटी थी, कई मकान जो थे वे भी ऐसे वैसे थे जैसे कि अपने यहां के कई कई जगहों पर होते हैं, जब कि वे भी अधिक नियोजन कर रहे हैं । तो ४५ वर्ष तक डिक्टेटरशिप आफ प्रोलेटेरिएट होते हुए भी, वहां पर दूसरी

[श्री तुलसीदास जाधव]

पार्टी न रखते हुए भी, वहां से दरिद्रता मिट कर समता नहीं आई है । मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि हमें जो आर्थिक समता लानी है, जो सोशलिज्म लाने की हम कोशिश करते हैं, अगर उसे हम लोग लोक शासन के तरीके से करना चाहते हैं तो वक्त लगना लाजिमी बात है ।

दुनिया भर के जो अलग अलग उत्पादन के आंकड़े हैं उनको देखने के बाद अगर पता लगाया जाये तो पन्द्रह वर्षों में हिन्दुस्तान ने जितनी उन्नति की है, उतनी उन्नति किसी भी देश ने की हो, ऐसा नजर नहीं आता है । मैं ज्यादा आंकड़े तो नहीं बतलाना चाहता लेकिन कल्पना के लिये तीसरी पंचवर्षीय योजना के पृष्ठ ३६ पर जो क्राप्स के इंडक्स दिये हैं उनको उद्धृत करना चाहता हूं :

ग्रुप	१९५०–५१	१९५५–५६	१९६०–६१
आल क्राप्स	९६	११७	१३५
फूड क्राप्स	९१	११५	१३२

यानी जो भी क्राप्स का इंडेक्स नम्बर है उसमें हर जगह पर बढ़ोतरी हुई है । सवाल उठता है कि जब अनाज ज्यादा बढ़ता है तो कमी क्यों होती जाती है ? उस की एक ही वजह है कि हमारे यहां पापुलेशन भी बढ़ती जाती है । उसके लिये खास तौर से विचार करना होगा । इतनी पापुलेशन बढ़ते हुए भी आज कल देहातों में, जैसा मेरी सम्मानीय बहन ने अभी कहा, ऐसी बात नहीं है कि किसी को उद्योग नहीं मिलता । हमारे प्रान्त में देखा जाये तो देहातों में मजदूर मिलते ही नहीं हैं । दो दो, ढाई ढाई रुपया रोज देते हुए भी आज मजदूर नहीं मिलते , यह बात सही है । स्टैंडर्ड आफ लिविंग बढ़ गया है । दोनों बातें आज दिखलाई पड़ती हैं । स्टैंडर्ड आफ लिविंग बढ़ जाने पर भी जो उत्पादन होता है उसका जो पैसा मिलता र वह मंहगाई के अनुरूप नहीं है । उत्पादन और डेवलपमेंट दोनों ही तेजी से बढ़े हैं लेकिन फिर भी ऐसी बात दिखलाई नहीं देती है ।

अब आप इंडेक्स नम्बर आफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन देखिये :

ग्रुप	१९५५–५६	१९६०–६१
जनरल इंडेक्स	१३९	१९४
काटन टैक्सटाइल	१२८	१३३
आइरन ऐंड स्टील	१२२	२३८
मैशीनरी।आलटाइम्स	१९२	५०३
केमिकल्स	१७९	२८८

मैं इससे अधिक आंकड़ों में नहीं जाना चाहता । इसको देखने से यह खयाल आता है कि देश में उत्पादन भी तेजी से बढ़ा है और देश के अनएम्प्लायमेंट में भी थोड़ी कमी हुई है, साथ ही लोगों के रहन सहन में कपड़े के मामलों में और प्रवास के सम्बन्ध में भी एक प्रकार के लोगों को जदा से ज्यादा सहूलियत मिली है, यह बात सही है ।

इस देश में अगर आर्थिक नियोजन की दृष्टि से देखा जाये तो उसमें कई बातों की कमी भी है । अगर उन कमियों को दूर कर दिया जाये तो जो दिक्कतें इस सम्बध में होती हैं वह कम हो जायें । अगर आर्थिक नियोजन की दृष्टि से देखा जाये तो उसमें कोई खराबी हो, ऐसी बात नहीं है । मालूम यह पड़ता है कि इस देश में लोगों को जो अपेक्षायें हैं वह बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं, और यह बात सही है कि उन अपेक्षाओं के अनुसार हमारा आर्थिक नियोजन और देश का आर्थिक पाया आगे नहीं बढ़ता है । लेकिन कल्पना से और मस्तिष्क से सोच कर आगे जाने में समय तो लगता ही है । स्वराज्य मिलने से पहले हम लोग कहा करते थे कि स्वराज्य के बाद हम लोग ऐसा प्रयत्न करेंगे जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें मिलेंगी । लेकिन यह बात सही है कि आज लोगों को जो अपेक्षा है उस अपेक्षा के अनुसार

हम सहूलियतें लोगों को नहीं दे पाये हैं । फिर भी हमको यह सोचना चाहिए कि हमें जो भी उत्पादन करना है उसे तो डिमाक्रेसी के तरीके से करना है, लोगों को समझा बुझा कर करना है, और ऐसा करने में टाइम लगता ही है । अगर इस दृष्टि से दुनिया भर के आंकड़ों का मुकाबला यहां के आंकड़ों से किया जाय तो हम पायेंगे कि हिन्दुस्तान सब से आगे है ।

जो हमारे सेन्ट्रल गवर्नमेंट के फाइनेन्स मिनिस्टर हैं, उन्होंने अभी यहां पर बजट रखा और उसमें टैक्स को बढ़ाया । उसके बाद में अपने यहां के तीन चार जिलों में घूमा । मैंने देखा कि देहातों में जो खेडूत लोग हैं उनको मालूम नहीं होता है कि टैक्स बढ़ गया है । मैंने कई जगहों पर मीटिंगें बुला कर लोगों से पूछा कि क्या तुमको मालूम हुआ कि अब की जो बजट रखा गया है उसमें कुछ बढ़ाया गया है । उन्होंने जवाब दिया कि उनको कुछ नहीं मालूम पड़ा है कि क्या कर बढ़ाया गया है । यानी करों को आपने इतना सोच विचार करके बढ़ाया है कि लोगों को मालूम नहीं हुआ है कि कर बढ़ाये गये हैं । लोगों को अपने रहन सहन के सम्बन्ध में ज्यादा तकलीफ न हो, इस तरीके से बजट के अन्दर टैक्स बढ़ाये गये हैं । मैंने व्यापारियों और दूसरे लोगों को बुलाया और कहा कि मर्सराइज्ड कपड़े पर टैक्स बढ़ाया गया है । सभी ने इस बात को कबूल किया कि जो टैक्स बढ़ाया गया है उसमें कोई ज्यादा असन्तोष नहीं है। इसके यह मानें हैं कि इस बजट में जो भी टैक्स बढ़ाये गये हैं उनका गरीब आदमियों पर कोई अधिक असर पड़ा हो या उनको मालूम हो कि टैक्स बढ़ने से उनकी तकलीफ ज्यादा बढ़ गई हो, ऐसी बात नहीं है ।

हां, कुछ बातों में लोगों की तकलीफ बढ़ गई है, उन को मैं बड़ी नम्रता से अपने फाइनेन्स मिनिस्टर साहब के सामने रखना चाहता हूं । वह बात यह है कि हमारे प्रान्त में, यानी महाराष्ट्र में जो पावर लूम्स हैं, उनके ऊपर टैक्स ज्यादा बढ़ने से कई कई जगहों पर पावर लूम्स बन्द होने के रास्ते पर हैं । यह धंधा महाराष्ट्र में ही ज्यादा है । पावर लूम्स को कपड़ा बनाने के लिये जो मिल का सूत लेना पड़ता है उसके लिए दूना दाम देना पड़ता है । उदाहरण के लिये एक धोती जोड़ा जिसकी साइज़ ९ गज ४५ इंच है उसके बनाने में मिल में चार रुपये का सूत लगेगा लेकिन उसी के बनाने में पावर लूम पर वही चार रुपये का सूत आठ रुपये में मिलेगा । तो इस तरह से सूत का दूना दाम देना पड़ता है ।

16 hrs.

इधर के प्रान्तों का हाल तो मुझे नहीं मालूम लेकिन हमारे यहां इच्छल करंजी मिरज, शोलापुर, भिवंडी और मालगांव आदि जगहों में हर घर में दो दो तीन तीन पावर लूम हैं चलते हैं अभी तक दो पावर लूम्स पर एक्साइज ड्यूटी नहीं थी । अब चार पावर लूम्स पर एक्साइज ड्यूटी माफ की गई है । लेकिन ५ से २४ पावर लूम पर टैक्स बहुत ज्यादा बढ़ा दिया गया है यह पहले से तीन गुना कर दिया गया है इससे लोगों को तकलीफ होती है मैंने सुना है कि एक प्रतिनिधिमंडल फाईनेन्स मिनिस्टर साहब से मिला है और यह अच्छी बात है कि उन्होंने इस विषय पर फिर से विचार करने का आश्वासन दिया है मैं भी हाउस में यह प्रार्थना करता हूं कि इस पर फिर से विचार अवश्य किया जाऐ पहले सन् १९६१ में चार पावर लूम्स पर साढ़े १२ रुपया टैक्स था । और पांच से लेकर ९ पावर लूम्स पर २५ रुपये एक पावर लूम को ८ घंटे की पारी में महीने भर चलाने के लिए था । अब उसको बढ़ा कर ४५ रुपया कर दिया गया है यानी एक लूम पर २० रुपया ज्यादा बढ़ा दिया गया है । दस से २४ लूम्स पर पहले २५ रुपया प्रति लूम था जिसको बढ़ा कर अब

[श्री तुलसीदास जाधव]

६० रुपया कर दिया है। यानी प्रति लूम ६५ रुपया बढ़ा दिया गया है। इससे पावर लूम चलाने में बड़ी कठिनाई हो रही है। और मेरा निवेदन है कि इस पर फिर से विचार किया जाए। पहले जो २१ लूम्स पर टैक्स देना पड़ता था उससे अब १४ हजार रुपया ज्यादा देना पड़ेगा। इस काम में इतना प्राफिट नहीं है और लोगों को यह टैक्स अपने घर से देना पड़ता है। इसलिए लोग बड़ी कठिनाई में हैं।

अभी हाल में मैं जब दौरे पर गया था तो लोगों ने मुझ से कहा कि और बाकी चीजें तो ठीक हैं लेकिन यह पावर लूम्स पर इतना ज्यादा टैक्स बढ़ा दिया गया है कि हमको चलाने में मुसीबत हो गयी है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि मिनिस्टर साहब इस मामले पर विचार करें। मेरा कहना है कि देश में सोशलिज्म तभी आ सकेगा जब कि उद्योग का डिसेंट्रलाइजेशन कर दिया जाए। यह पावर लूम्स पर जो टैक्स बढ़ाया गया है यह बहुत ज्यादा है और इसलिए लोग अपने लूम्स को बेचने का विचार कर रहे हैं। लेकिन मैं ने सुना है कि उनको बेचने भी नहीं दिया जाता। बेचने से भी उन के ऊपर टैक्स माफ नहीं होगा। तो यह भी देखना चाहिए। जिनके पास २५ लूम्स हैं वे लोग टैक्स ज्यादा होने के कारण उनको बेच कर चार चार लूम चलाना चाहते हैं। लेकिन ऐसा करने से भी टैक्स माफ नहीं होता। तो यह बड़ी मुसीबत है।

देश के अन्दर तीन प्रकार से इंडस्ट्री चल रही है, पब्लिक प्राइवेट और कोआपरेटिव। तीन तरह से काम चल रहा है। अगर सोसाइटी भी चार से ऊपर लूम चलाती है तो उस पर भी टैक्स माफ नहीं है। तो मेरा कहना है कि जो लोग कोआपरेटिव सोसाइटी से चलाते हैं उनको कुछ सहूलियत मिलनी चाहिए।

